हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, सोमवार, 8 जून 2026
अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

2 विद्युत की समस्या दूर करने लगा अधिक क्षमता का ट्रांसफार्मर



## खबर संक्षेप

### गांव-गांव पहुंच रहा स्वच्छता और कचरा प्रबंधन का संदेश

**बलरामपुर।** कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी के मार्गदर्शन में जिले में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से ग्राम पंचायतों में दीवार लेखन कराया जा रहा है। तथा इसके माध्यम से स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत आमजनों को ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, कचरा पृथक्करण तथा स्वच्छता संबंधी नियमों की जानकारी सरल और आकर्षक तरीके से दी जा रही है। ग्राम पंचायतों की प्रमुख सार्वजनिक स्थलों की दीवारों पर स्वच्छता संबंधी संदेश, कचरे के पृथक्करण के तरीके को चित्रों और नारालेखन के माध्यम से प्रदर्शित किया जा रहा है। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 से संबंधित गीला, सूखा, सैनिटरी एवं विशेष श्रेणी के कचरे को अलग-अलग रखने का संदेश दिया जा रहा है। साथ ही कचरा फेंकने, खुले में कचरा जलाने तथा स्वच्छता नियमों के उल्लंघन पर दंडात्मक प्रावधानों की जानकारी भी दी जा रही है।

### महिला पंच की फांसी पर लटकी मिली लाश

**रजपुरीकला।** ग्राम पंचायत अमगसी में उस समय सनसनी का माहौल निर्मित हो गया जब गांव के समीप जंगल में लकड़ी लेने गई महिला पंच की लाश पेड़ पर फांसी में लटका मिला। घटना की सूचना पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार लखनपुर थाना अंतर्गत ग्राम अमगसी निवासी महिला पंच सनीता पैकरा पति आलोक पैकरा (25 वर्ष) तड़के 5 बजे परिजन को जंगल में लकड़ी लेने जाने की बात कहकर घर से निकली थी। दोपहर तक जब महिला घर वापस नहीं लौटी तो परिजन ने खोजबीन शुरू की। परिजन जैसे ही जंगल में पहुंचे तो महिला के एक पेड़ पर मृत हालत में फांसी में लटके देख उनके होश उड़ गए। परिजन सहित गांव के लोगों ने तत्काल घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस ने पेड़ से महिला की लाश को नीचे उतरवाया और पंचनामा पश्चात लाश को पीएम के लिए भेज दिया। महिला ने किस कारण फांसी लगाई इस संबंध में पुलिस द्वारा जांच की जा रही है।

### कीटनाशक पीने से गंभीर ग्रामीण की मौत

**अम्बिकापुर।** शराब के नशे में धुत्त ग्रामीण ने अज्ञात कारण से कीटनाशक पी लिया। परिजन ग्रामीण को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार उदयपुर थाना अंतर्गत ग्राम कुमडेवा केदमा निवासी निर्मल खेस आ. देव साय (46 वर्ष) शराब पीने का आदि था। 4 जून की शाम शराब के नशे में घर पहुंचा और परिजन से विवाद करने लगा। इधर पति के विवाद करने पर पत्नी बाड़ी में जाकर सो गई। तड़के पत्नी कमरे में आई तो देखी पति गंभीर हालत में पड़ा हुआ है। कीटनाशक की गंध आने पर परिजन उसे उदयपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने ग्रामीण की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

### मवेशी के हमले से गंभीर वृद्ध की गई जान

**अम्बिकापुर।** घर के सामने बैठे वृद्ध पर मवेशी ने हमला कर दिया जिससे वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन वृद्ध को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां देर रात उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। उदयपुर थाना अंतर्गत ग्राम भलवाही निवासी सुखनाथ लाई आ. स्व. ठकुरी (65 वर्ष) शनिवार की दोपहर घर के सामने बैठ कर आम खा रहा था। इसी दौरान बैल से वृद्ध पर हमला करते हुए कुचल दिया जिससे वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन वृद्ध को उदयपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने वृद्ध की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां देर रात उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## माफिया ने जगह-जगह बना दिए अवैध रेत खदान

# रेत माफिया की सक्रियता से मांड नदी के अस्तित्व पर संकट, अवैध खनन से बिगड़ा नदी का स्वरूप



मांड नदी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

अंचल की जीवनदायिनी मांड नदी में रेत माफिया की वर्षों से चल रहे बेखौफ अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन से नदी का अस्तित्व संकट में पड़ गया है। वर्षों से चल रहे अवैध रेत खनन से नदी का स्वरूप ही बदल गया है। भीषण गर्मी में लाखों जीव-जंतुओं, पालतू पशुओं एवं हजारों किसानों के खेतों की प्यास बुझाने वाली माण्ड नदी इस बार पूरी तरह सूख गई है।

**खास बातें**
- अन्य नदी-नाले भी नहीं सुरक्षित
- वर्षों से जारी अवैध खनन पर नहीं हो रही कार्रवाई

क्षेत्र में रेत माफिया की मनमानी रूकने का नाम नहीं ले रही है। क्षेत्र के अन्य नदी-नालों की रेत का सफाया करने कुछ सालों से बेतरतीब तरीके से माण्ड नदी का रेत उत्खनन कर रहे हैं। तस्करों ने नदी के अलग-अलग हिस्सों में अपनी-अपनी अवैध खदाने बना दी है तथा लगातार रेत का अवैध उत्खनन, परिवहन कर रहे हैं। माफिया ने कई स्थानों पर 6-7 फीट गहराई तक रेत का उत्खनन किया है जिससे भविष्य के लिए बड़ा खतरा उत्पन्न हो गया है। मजदूरों से लगातार रेत उत्खनन कराने के बाद भी संतोष नहीं मिला तो माफिया जेसीबी व पोकलेन से नदी का रेत उत्खनन कराने लगे जिससे स्थिति और भी भयावह हो गई है। रेत माफिया की दबंगई के आगे न तो कभी प्रशासनिक अधिकारियों ने कार्रवाई करने की हिम्मत जुटाई न ही विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों ने ही। वर्षों से चल रहे अवैध उत्खनन का असर है कि भीषण गर्मी में लाखों जीव-जंतुओं एवं मवेशियों की प्यास बुझाने वाली मांद नदी अब पूरी तरह सूख चुकी है नदी के सूखने के कारण गर्मी में तेजी से जलस्तर नीचे खिसक गया है। ग्रामीणों को भी निस्तार के लिए समस्या से जूझना पड़ रहा है।

**कराई जाएगी जांच**

विभाग द्वारा टीम भेजकर अवैध रेत खनन एवं परिवहन की जांच कराई जाएगी तथा कहीं भी गड़बड़ी पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

-अनिल साहू
जिला खनिज अधिकारी



अवैध रेत भण्डरण करता ट्रेक्टर।

### बंद हुई हजारों एकड़ में खेती

मांड नदी के किनारे बसे ग्राम तेलईधार, रायकेरा, टोकोपारा, मंगरैलगढ़, धरमपुर, नवाटोली, केसला, मिठुआ, प्रतापगढ़ सहित एक दर्जन से अधिक गांवों के किसान हजारों एकड़ में गेहूं, मक्का एवं बड़े पैमाने पर सब्जियों की खेती करते थे। नदी के पानी से सिंचाई सुविधा उपलब्ध होने के कारण इन गांवों के खेत सालो भर लहलहाते रहते थे। बड़े पैमाने पर हो रहे अवैध उत्खनन के कारण नदी का जलस्तर कम होने एवं गर्मी में नदी के सूखने के कारण अब इन गांवों में गेहूं एवं सब्जियों की खेती पूरी तरह से बंद हो गई है। खेती बंद होने से किसानों की आय पर विपरीत प्रभाव पड़ा है तथा सब्जियों के खेतों में मजदूरी करने वाले ग्रामीण अब बेरोजगार हो गए हैं। गर्मी में पालतू मवेशियों को भी अपनी प्यास बुझाने के लिए संकट का सामना करना पड़ रहा है।

### अभी जारी है अवैध उत्खनन

जेसीबी एवं पोकलेन मशीन से बेतरतीब रेत उत्खनन कर माफिया ने ग्राम तेलाईधार से राधापुर तक नदी का स्वरूप बिगाड़ दिया है। इन क्षेत्रों में नदी की गहराई 6-7 फीट गहरी हो गई है जिससे भविष्य में दुर्घटनाएं होने का खतरा बढ़ गया है। रेत माफिया बरसात की जरूरतों को देखते हुए दिन-रात रेत का उत्खनन कर भण्डारण कर रहे हैं। माफिया ने उत्खनित रेत का परिवहन कराने का जिम्मा क्षेत्र के ट्रैक्टर स्वामियों को सौंप दिया है। सुबह होते ही ग्राम तेलईधार, राधापुर, सलाई नगर एवं हर्रामार से बहने वाले नदी-नालों से रेत का खनन एवं परिवहन प्रारंभ हो जाता है। वाहन संचालक रेत माफिया द्वारा अलग-अलग स्थानों पर निर्धारित स्थलों तक रेत का भण्डारण कर रहे हैं। माफिया रात में ट्रक एवं टीपर के माध्यम से रेत को शहरी क्षेत्रों में खपा रहा है। अवैध उत्खनन एवं परिवहन की लगातार शिकायतों के बाद कुछ दिनों पूर्व खनिज विभाग की टीम ने अवैध खनन एवं परिवहन में लगे 9 ट्रैक्टर को जब्त करने की खानापूर्ति की थी। आसपास के गांवों में अवैध रूप से भण्डारित रेत के विरूद्ध विभाग द्वारा अब तक कार्रवाई नहीं की गई है।



## अवैध रेत और पत्थर परिवहन करते दो ट्रैक्टर जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

खनिज अधिकारी राहुल गुलाटी के नेतृत्व में खनिज विभाग की टीम ने वाड्रफनगर क्षेत्र में अवैध खनन पर कार्रवाई की है।

- बंद कराया मोरन नदी का मार्ग

इस दौरान टीम ने ग्राम कैलाशपुर स्थित मोरन नदी में किए जा रहे अवैध रेत उत्खनन मार्ग को ग्रामीणों की उपस्थिति में विभिन्न स्थानों पर अवरूद्ध कराया ताकि अवैध खनन पर रोक लगाया जा सके। इस दौरान अवैध खनिज उत्खनन एवं परिवहन के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए अवैध रेत एवं पत्थर परिवहन करते दो ट्रैक्टर को जब्त किया है। दोनो जब्त वाहनों की चाबी वाड्रफनगर एवं बसंतपुर पुलिस को सौंपा है। खनिज अधिकारी ने बताया कि संबंधित वाहन मालिकों के विरूद्ध खनिज नियमों के तहत कार्रवाई की जाएगी। अवैध खनन एवं परिवहन में संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध आगे भी विभाग की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।



## मंत्री राजवाड़े ने घायलों को गाड़ी से पहुंचाया अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने आज मानवता एवं संवेदनशीलता का परिचय देते हुए सड़क दुर्घटना में घायल लोगों की मदद कर उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया।

- रेलवे स्टेशन के पासस्कूटी और आटो की टक्कर में दो घायल

जानकारी के अनुसार मंत्री श्रीमती राजवाड़े रायपुर से अपने गृह सूरजपुर के बीरपुर स्थित निवास लौट रही थीं। इसी दौरान रेलवे स्टेशन के समीप एक स्कूटी और ऑटो की आमने-सामने टक्कर हो गई, जिसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना को देखकर मंत्री श्रीमती राजवाड़े तुरंत अपनी गाड़ी से उतरीं और बिना किसी देरी के घायल लोगों की स्थिति का जायजा लिया। उस समय वे अपने काफिले को समाप्त कर एक सामान्य वाहन से यात्रा कर रही थीं, बावजूद इसके उन्होंने संवेदनशीलता दिखाते हुए घायलों को अपनी ही गाड़ी से तत्काल अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था की। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने मौके पर मौजूद लोगों एवं संबंधित अधिकारियों को घायलों को बेहतर उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। घायलों को सुरक्षित अस्पताल पहुंचाने के बाद मंत्री स्वयं दूसरी गाड़ी का इंतजार कर अपने निवास के लिए रवाना हुईं। स्थानीय लोगों ने मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े की इस मानवीय पहल की सराहना करते हुए कहा कि जनप्रतिनिधि होने के साथ-साथ उन्होंने एक संवेदनशील नागरिक एवं सेवाभावी व्यक्तित्व का परिचय दिया है।

## संरक्षित वन भूमि में बन गए आधा दर्जन से अधिक पीएम आवास

**अम्बिकापुर।** शासन द्वारा पीएम आवास योजना के तहत ग्राम मोहरसोप के आधा दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने वनभूमि में आवास बनाया है। आवास बनने के बाद वन विभाग द्वारा तीन हितग्राहियों को नोटिस जारी कर 3 दिन के भीतर अवैध अतिक्रमण हटाने की नोटिस जारी की गई है जिससे हितग्राही परेशान है।

- दो साल बाद विभाग ने तीन हितग्राहियों को दिया अतिक्रमण हटाने की नोटिस
- विभागों की कार्यप्रणाली पर उठ रहे सवाल



क्षेत्र के संरक्षित वनों में धड़ल्ले से चल रहे अवैध अतिक्रमण विभाग के लिए बड़ी चुनौती बन गया है। हैरानी की बात है कि शासन ने आधा दर्जन हितग्राहियों को वनभूमि में पीएम आवास बनाने की स्वीकृति दे दी। शासन से मिली राशि से हितग्राहियों ने निर्धारित समय में अपने आवास भी बना लिए तथा वन अमले को इसकी भनक तक नहीं लग सकी। दो साल का समय गुजरने के बाद विभाग ने तीन हितग्राहियों को तीन दिन के भीतर अतिक्रमण हटाने की नोटिस जारी की है जिससे हितग्राहियों में हड़कंप मच गया है। वनभूमि में 7 हितग्राहियों ने शासन की स्वीकृति उपरांत अपने आवास बनाए हैं लेकिन विभाग ने मात्र तीन हितग्राहियों को ही नोटिस जारी किया है जिससे विभाग पर पक्षपात करने का आरोप लग रहे हैं। हितग्राहियों के अनुसार डेढ़ दर्जन से अधिक ग्रामीण मोहरसोप जंगल अंतर्गत संरक्षित वनखण्ड क्रमांक पी-562 में दशकों से अपना घर बनाकर रह रहे हैं लेकिन किसी को भी शासन द्वारा वन अधिकार प्रदान नहीं किया गया है। वर्ष 2004-05 में कुछ हितग्राहियों ने पीएम आवास के लिए आवेदन किया तो शासन ने आवास निर्माण की स्वीकृति दे दी। स्वीकृति देने के पूर्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों ने सर्वे भी किया लेकिन किसी ने भी वनभूमि में आवास निर्माण की स्वीकृति देने के संबंध में संज्ञान नहीं लिया। दो साल बाद विभाग ने तीन हितग्राहियों को अवैध निर्माण हटाने की नोटिस जारी ⏭ शेष पेज 4 पर

### आरोपी से चोरी की बाइक बरामद, भेजा गया जेल

**अम्बिकापुर।** मोटरसाइकिल चोरी के मामले में कोतवाली पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की बाइक बरामद की है। पुलिस के अनुसार ग्राम दोरना निवासी कमलराज यादव ने 5 जून को श्रीराम हॉस्पिटल से अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 15 सीजे 9557 के चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस मामले की जांच कर रही थी। इस दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति रामानुजगंज नाका से चोरी की बाइक से शंकरघाट की ओर जाते दिखा है। सूचना की पुष्टि करने के उपरांत पुलिस ने रजपुरी निवासी मुकेश चेरवा को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने साथियों के साथ मिलकर बाइक चुराना स्वीकार किया तथा बाइक को रूनझुन तालाब के पास छिपाकर रखने की जानकारी दी। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की बाइक बरामद कर आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा है।

## शाम ढलते ही बंद हो जाता है मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर स्थित सुलभ शौचालय

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर में परिजन के परिजन के सहित आसपास के लोगों की सुविधा के लिए सार्वजनिक शौचालय की सुविधा उपलब्ध कराई कराई गई है। हैरानी की बात तो यह है कि सुबह से शाम तक शौचालय खुला रहता है लेकिन शाम ढलते ही शौचालय संचालक द्वारा ताला जड़ दिया जाता है। ऐसे में दूर दराज से आए मरीज के परिजन को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

- मरीज के परिजन की बढ़ी परेशानी, परिसर के खुले स्थान में जाने को मजबूर

शासकीय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में महिला वार्ड की ओर मरीजों और उनके परिजन की सुविधा के लिए बनाए गए सार्वजनिक सुलभ शौचालय की स्थिति इन दिनों लोगों की परेशानी का सबब बन गया है। अस्पताल में दूर-दराज क्षेत्रों से उपचार कराने आने वाले मरीज के परिजन को रात के समय भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आरोप है कि अस्पताल परिसर में स्थित सुलभ शौचालय शाम ढ़लते ही बंद कर दिया जाता है, जबकि अस्पताल में भर्ती मरीजों के परिजन की आवाजाही 24 घंटे बनी रहती है। इसके बावजूद रात के समय ताला लग जाने से लोगों को वैकल्पिक व्यवस्था तलाशनी पड़ती है। अस्पताल में रातभर रुकने वाले परिजन के साथ-साथ उसी भवन में ठहरने वाले संजीवनी 108 और डायल 112 आपातकालीन वाहन चालकों को भी इससे असुविधा होती है। शौचालय की स्थिति भी संतोषजनक नहीं बताई जा रही है। शौचालय के कुछ दरवाजे टूट चुके हैं और नियमित साफ-सफाई के अभाव में गंदगी का माहौल बना रहता है। इससे विशेष रूप से महिला मरीज और उनके परिजनों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हाल ही में अस्पताल प्रबंधन से शिकायत किए जाने के बाद एक-दो दिन सफाई अभियान चलाया गया, लेकिन व्यवस्था में स्थाई सुधार नहीं दिखा। कुछ समय पहले शौचालय परिसर में नई टाइल्स लगाई गई थीं, लेकिन कई स्थानों पर वे उखड़ने लगी हैं, जिससे शौचालय संचालन करने वालों द्वारा भी देखरेख पर सवाल उठ रहे हैं। सार्वजनिक शौचालय का संचालन एक दिव्यांग दंपति द्वारा किया जा रहा है। आरोप है कि शौचालय परिसर का उपयोग निजी निवास की तरह किया जा रहा है तथा संचालन व्यवस्था को लेकर पहले भी कई शिकायतें सामने आ चुकी हैं। इसके बावजूद अब तक किसी प्रकार की प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से लोगों में नाराजगी है।

### 300 से अधिक साइकिलिस्ट हुए शामिल, जनप्रतिनिध व अधिकारियों ने दिखाई झण्डी

# विश्व साइकिल दिवस पर निकली संडे ऑन साइकिल रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर रविवार को संडे ऑन साइकिल रैली का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य जागरूकता एवं फिट जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इस रैली में स्कूली विद्यार्थियों, खिलाड़ियों, अधिकारियों-कर्मचारियों तथा आम नागरिकों सहित लगभग 300 साइकिलिस्टों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

साइकिल रैली को ननि सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी, एमआईसी सदस्य शशिकांत जायसवाल एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमोलक सिंह ढिल्लो ने घड़ी चौक से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। रैली घड़ी चौक से प्रारंभ होकर महामाया चौक, गुरुनानक चौक, लरंगसाय चौक एवं गांधी चौक होते हुए पुनः घड़ी चौक पहुंचकर सम्पन्न हुई। अतिथियों ने स्वयं भी रैली में सहभागिता कर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर नियमित साइकिलिंग एवं खेलकूद को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संदेश दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि साइकिलिंग न केवल पर्यावरण संरक्षण में सहायक है, बल्कि यह स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने का भी प्रभावी माध्यम है।

कार्यक्रम के दौरान सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण रामकुमार सिंह ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों एवं सहयोगी विभागों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कृषि विभाग के उप संचालक पीताम्बर दीवान, माई भारत के जिला युवा अधिकारी प्रिन्स सिंह, जिला क्रीड़ा अधिकारी विकास सिंह, आईसीआईसीआई बैंक के प्रबंधक रमेश चन्द्रा, जिला पंचायत की लेखा अधिकारी श्रीमती महामाया ओझा सहित पुलिस, स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। यातायात प्रभारी एवं उनकी टीम द्वारा रैली के दौरान सुचारू यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की गई। कार्यक्रम का संचालन राकेश मिश्रा एवं सुश्री सुनीता दास ने किया।

## खबर संक्षेप

### चैनपुर प्रवेश मार्ग पर महीनों से बंद स्ट्रीट लाइट

**मनेन्द्रगढ़।** राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 पर स्थित चैनपुर नगर में प्रवेश करते समय मुख्य मार्ग पर लगे बिजली के खंभों की स्ट्रीट लाइटें पिछले कई महीनों से बंद पड़ी हुई हैं। इस समस्या के कारण शाम ढलते ही पूरे मार्ग पर अंधेरा छा जाता है, जिससे वाहन चालकों, राहगीरों और स्थानीय निवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। राष्ट्रीय राजमार्ग होने के कारण इस मार्ग पर दिन-रात भारी वाहनों सहित सैकड़ों छोटे-बड़े वाहनों का आवागमन बना रहता है। रात के समय पर्याप्त रोशनी नहीं होने से सड़क पर चलने वाले वाहन चालकों को रास्ता स्पष्ट दिखाई नहीं देता, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका लगातार बनी रहती है। विशेष रूप से बरसात और कोहरे के मौसम में यह समस्या और भी गंभीर रूप धारण कर सकती है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि कई बार संबंधित विभाग का ध्यान इस ओर आकर्षित कराया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। लंबे समय से बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों के कारण क्षेत्र में असुरक्षा का माहौल भी बन रहा है। अंधेरे का फायदा उठाकर असामाजिक तत्वों की गतिविधियां बढ़ने की आशंका से भी लोग चिंतित हैं। रोजाना इस मार्ग से गुजरने वाले पैदल राहगीरों, विद्यार्थियों और व्यापारियों को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ रही है।

### भरतपुर में सरपंचों को मिला पंचायत विकास योजना का विशेष प्रशिक्षण

**मनेन्द्रगढ़।** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत जनपद पंचायत भरतपुर के सभा कक्ष में पंचायत विकास योजना विषय पर सरपंचों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में विकासखंड की विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंचों ने सहभागिता करते हुए ग्राम पंचायतों के समग्र, सहभागी एवं योजनाबद्ध विकास से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। प्रशिक्षण के दौरान सहायक विकास विस्तार अधिकारी एवं प्रभारी मास्टर ट्रेनर ऋषि कुमार सिंह ने पंचायत विकास योजना तैयार करने की प्रक्रिया, ग्राम सभा की भूमिका, स्थानीय आवश्यकताओं के समावेश, विभागीय समन्वय तथा पंचायत विकास योजना पोर्टल में जानकारी दर्ज करने की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों के विकास की वास्तविक आधारशिला ग्राम सभा है, जहां स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप योजनाओं का चयन कर उनका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सकता है। कार्यक्रम में सरपंचों को ग्राम स्तर पर जनभागीदारी बढ़ाने, विकास कार्यों की प्राथमिकता तय करने तथा शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए पंचायतों के सतत एवं समावेशी विकास पर विशेष बल दिया गया।

### जागृति महिला समिति द्वारा पर्यावरण संरक्षण पर विविध कार्यक्रम

**मनेन्द्रगढ़।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जागृति महिला समिति द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं जन-जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों के माध्यम से पर्यावरण के प्रति सामाजिक उत्तरदायित्व एवं जागरूकता का प्रभावी संदेश दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ केन्द्रीय विद्यालय झगराखाण्ड में आयोजित जन-जागरूकता रैली से हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हसदेव क्षेत्र के महाप्रबंधक मनोज बिश्नोई द्वारा हरीझंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। समिति की अध्यक्षा डॉ. सरोज बाला बिश्नोई के नेतृत्व में समिति की सदस्याओं ने विद्यालय के विद्यार्थियों के साथ रैली में सहभागिता करते हुए पर्यावरण संरक्षण के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील एवं जागरूक बनने की प्रेरणा दी गई। रैली के उपरांत पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें समिति की सदस्याओं एवं विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम के दौरान अधिकाधिक वृक्ष लगाने एवं उनके संरक्षण का संकल्प भी लिया गया।

### चरचा कॉलरी के सरकारी आवास चाइना ब्लाक में हादसा

# गैस सिलेंडर की आग में झुलस कर एसईसीएल के डिप्टी मैनेजर की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र के चरचा कॉलरी में बीती रात्रि आगजनी के एक हृदयविदारक घटना में डिप्टी मैनेजर की मौत हो गई।


मृतक केबी नंदन।

■ हादसे के कारणों की जांच में जुटी फारेंसिक और चरचा पुलिस

घटना इतनी भयावह थी कि धमाके और आग की तेज लपटों की आवाज सुनकर पूरी कॉलोनी सहम गई और देखते ही देखते घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार के चरचा में डिप्टी मैनेजर पद पर पदस्थ कुमार भारती नंदन चाइना ब्लॉक स्थित विभागीय आवास क्रमांक सी-25 में निवासरत थे। उनकी पत्नी और छोटा पुत्र बिहार के गया स्थित गृहग्राम गए हुए थे, जबकि घर में केवल वे और उनका बड़ा पुत्र मौजूद रहे। शनिवार रात लगभग 9:30 बजे उनका पुत्र घर के बाहर था। इसी दौरान घर के भीतर से अचानक आग की लपटें उठीं और जोरदार धमाका हुआ। घबराया पुत्र चिल्लाते हुए लोगों को बताने लगा कि उसके पिता घर के अंदर फंसे हुए हैं। धमाके की आवाज सुनकर आसपास रहने वाले अधिकारी तत्काल अपने घरों से बाहर निकले। जीएम गुप्ता, निलेश अवधिया, धीरेन्द्र सिंह, मदन गोपाल, जेपी सोनी, अतुल चिंचोलकर सहित कई अधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंचे। खिड़की से देखने पर रसोईघर में भीषण आग दिखाई दी, जिसकी चपेट में केबी नंदन थे। सूचना मिलते ही एसईसीएल की रेस्क्यू टीम, फायर ब्रिगेड और नगर सेना को बुलाया गया। मुख्य दरवाजा अंदर से बंद होने के कारण बचाव कार्य में भारी कठिनाई आई। काफी मशक्कत के बाद दरवाजा तोड़ा गया। अंदर पहुंचने पर रसोई का दरवाजा भी भीतर से बंद मिला, जिसे भी तोड़कर टीम अंदर पहुंची, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। आग की भयावहता के बीच केबी नंदन गंभीर रूप से झुलस चुके थे, उन्हें तत्काल क्षेत्रीय चिकित्सालय चरचा पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। घटना की खबर फैलते ही पूरे कॉलरी क्षेत्र में शोक और सनसनी का माहौल बन गया। काफी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी और स्थानीय नागरिक अस्पताल पहुंच गए।

चरचा माइंस के क्षेत्रीय प्रबंधक संजय कुमार सिंह ने भी अस्पताल पहुंचकर शोक व्यक्तकिए और आवश्यक निर्देश दिए। घटना की सूचना मिलते ही एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र की रेस्क्यू टीम सक्रिय हो गई। रेस्क्यू प्रभारी सुशील कुमार सिंह ने फायर ब्रिगेड को रवाना किया और स्वयं सहयोगी सुनील कुमार वर्गीस के साथ अग्निशमन उपकरण लेकर घटनास्थल पहुंचे। महज 10 मिनट के भीतर टीम मौके पर पहुंच गई। तब तक केबी नंदन को अस्पताल ले जाया जा चुका था, लेकिन घर के भीतर गैस सिलेंडर से आग की ऊंची लपटें निकल रही थीं।

आसपास के परिवार दहशत में थे। ऐसे खतरनाक हालात में भी रेस्क्यू टीम ने साहस का परिचय देते हुए घर के भीतर प्रवेश किया, सिलेंडर में लगी आग बुझाई और अत्यधिक गर्म हो चुके सिलेंडर को बाहर निकालकर संभावित बड़े विस्फोट और जनहानि को टाल दिया। सूत्रों के अनुसार केबी नंदन वर्ष 2014 से चरचा कॉलरी में पदस्थ थे। बताया जाता है कि वे पिछले लगभग तीन वर्षों से अस्वस्थ चल रहे थे और नियमित रूप से ड्यूटी ⏭ शेष पेज 4 पर

नहीं कर पा रहे थे। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी आनंद सोनी के नेतृत्व में पुलिस टीम क्षेत्रीय चिकित्सालय पहुंची। एएसआई महानंदी, प्रधान आरक्षक अमित त्रिपाठी एवं शशिभूषण ने जांच प्रारंभ की। शव को मोर्चरी में सुरक्षित रखा गया। रविवार सुबह जिला मुख्यालय से पहुंची फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया, हालांकि प्रारंभिक जांच में आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। इस दर्दनाक हादसे ने न केवल एसईसीएल परिवार बल्कि पूरे चरचा क्षेत्र को गहरे सदमे में डाल दिया है। सभी की निगाहें अब पुलिस और फोरेंसिक जांच रिपोर्ट पर टिकी हैं, जो इस रहस्यमयी घटना के पीछे की वास्तविक वजह उजागर कर सकती है।


चाइना ब्लॉक स्थित सरकारी मकान।


घटनास्थल जहां हुआ हादसा।

#### गैस रिसाव और विस्फोट की आशंका

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार विस्फोट और अत्यधिक गर्मी के कारण घर के भीतर लगे सिंथेटिक पर्दे कई स्थानों पर पिघल गए थे। कुछ सोफा कवर जल गए थे, जबकि एक कमरे में रखी पन्नी में पैक साड़ियों का एक हिस्सा पूरी तरह जल चुका था। हालांकि अन्य सामान अपेक्षाकृत सुरक्षित मिला। विशेषज्ञों का अनुमान है कि घर के सभी दरवाजे बंद होने और गैस सिलेंडर से गैस रिसने के कारण पूरा मकान गैस चैंबर में बदल गया था। आग लगने के बाद गैस के संपर्क में आते ही भीषण विस्फोट हुआ, जिससे केबी नंदन गंभीर रूप से झुलस गए।

#### जांच के घेरे में कई सवाल

घटना के समय मुख्य दरवाजा और रसोईघर का दरवाजा दोनों अंदर से बंद थे। यह स्थिति कई सवाल खड़े कर रही है। आखिर दोनों दरवाजे अंदर से क्यों बंद थे और आग लगने की वास्तविक वजह क्या थी, इसका जवाब अब पुलिस जांच और फोरेंसिक रिपोर्ट से ही मिल सकेगा।

# 4 चोरी मामले में 3 गिरफ्तार 92 हजार का माल बरामद

### कोर्ट परिसर एवं बैंकों में हुई कॉपर वायर चोरी का खुलासा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया पुलिस ने कोर्ट परिसर, बैंक एवं शासकीय कार्यालयों में हुई कॉपर वायर चोरी के मामलों का बड़ा खुलासा करते हुए 4 अलग-अलग चोरी प्रकरणों का पदार्फाश किया है। पुलिस ने चोरी की घटनाओं में शामिल 2 आरोपियों, एक अपचारी बालक तथा चोरी का सामान खरीदने वाले कबाड़ियों सहित कुल 5 लोगों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए चोरी गया लगभग 92 हजार रूपए मूल्य का कॉपर पाइप एवं वायर बरामद किया है।




आरोपी।

पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज दीपक कुमार झा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोरिया श्रीमती सुरेशा चौबे एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी राजेश कुमार साहू के निर्देशन में थाना सिटी कोतवाली बैकुंठपुर, थाना चरचा एवं साइबर सेल की संयुक्त टीम गठित कर मामले की जांच की गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 28 मई से 5 जून के मध्य जिला एवं सत्र न्यायालय बैकुंठपुर, साकेत सदन चरचा, छग राज्य ग्रामीण बैंक कार्यालय बैकुंठपुर तथा यूनियन बैंक ऑफ इंडिया शाखा बैकुंठपुर में लगे कुल 18 एसी से कॉपर पाइप चोरी कर लिए गए थे। चोरी गए सामान की कीमत लगभग 92 हजार रूपए बताई गई। मामले में थाना चरचा में अपराध क्रमांक 90/26 एवं 91/26 तथा थाना सिटी कोतवाली बैकुंठपुर में अपराध क्रमांक 178/26 एवं 179/26 दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। घटना के बाद संयुक्त पुलिस टीम ने जिलेभर में लगातार निगरानी रखते हुए संदिग्धों की जांच शुरू की। साइबर सेल की मदद से तकनीकी जांच के दौरान 5 जून की रात गश्त के दौरान देवेन्द्र कुमार रजक उर्फ दीपू निवासी ओड़गी डकईपारा बैकुंठपुर संदिग्ध अवस्था में मिला।


मामले का पर्दाफाश करती पुलिस।

पूछताछ में उसने अपने एक अपचारी साथी के साथ जिला एवं सत्र न्यायालय बैकुंठपुर एवं साकेत सदन चरचा से एसी के कॉपर पाइप चोरी करना स्वीकार किया। वहीं छग राज्य ग्रामीण बैंक एवं यूनियन बैंक शाखा बैकुंठपुर में हुई चोरी की घटना को अकेले अंजाम देना भी कबूल किया। जांच के दौरान पुलिस ने चोरी के कॉपर पाइप खरीदने वाले पटना निवासी नासिर खान एवं जय सिंह के कब्जे से चोरी का सामान जब्त किया। वहीं मोहम्मद गफ्फार के पास से भी एक एसी का कॉपर पाइप बरामद किया गया। पुलिस ने मामले में कुल 18 नग एसी के कॉपर पाइप बरामद कर शत-प्रतिशत माल जब्ती की कार्रवाई की है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है। इधर थाना सोनहत पुलिस ने भी मुखबीर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए आरोपी बृज कपूर निवासी ग्राम अंगवाही की निशानदेही पर ग्राम केशगवां के जंगल से चोरी की 6 मोटरसाइकिल बरामद की है।

# जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर आज

**बैकुण्ठपुर।** जिले का अंतिम जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर अब 8 जून को ग्राम पंचायत तरगवां में आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रोक्तिमा यादव द्वारा जारी आदेश के अनुसार पूर्व निर्धारित 9 जून की तिथि को संशोधित करते हुए शिविर का आयोजन 8 जून को किया जाएगा। शिविर में प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम, बैकुंठपुर विधायक भईयालाल राजवाड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष तथा अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति प्रस्तावित है।

कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं और सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को शिविर स्थल पर पहुंचकर विभागीय स्टॉल स्थापित करने के निर्देश दिए गए हैं। जनपद पंचायत बैकुंठपुर के अंतर्गत आयोजित होने वाले इस शिविर में 20 ग्राम पंचायतों के ग्रामीण शामिल होंगे। शिविर के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं एवं शिकायतों का मौके पर निराकरण किया जाएगा तथा विभिन्न विभागों द्वारा शासन की योजनाओं और सेवाओं की जानकारी भी दी जाएगी। जिला प्रशासन ने संबंधित ग्राम पंचायतों के नागरिकों से संशोधित तिथि की जानकारी लेते हुए अधिक से अधिक संख्या में शिविर में शामिल होने और अपनी समस्याएं संबंधित विभागों के समक्ष रखने की अपील की है। प्रशासन का कहना है कि शिविर के माध्यम से आमजन को त्वरित एवं प्रभावी समाधान उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा।

### ट्रांसफार्मर की चपेट में आने से मवेशी की मौत

**जशपुरनगर।** ग्राम पंचायत बेलडेगी के घिचापारा में रविवार की सुबह ट्रांसफार्मर से जमीन पर करंट आ गया, जिसकी चपेट में आने से एक गाय की मौत हो गई। घटना के बाद से स्थानीय ग्रामीणों में बिजली विभाग के ठेकेदार और अधिकारियों के खिलाफ आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर जानवर की जगह कोई इंसान या बच्चा इसकी चपेट में आता, तो आज एक बहुत बड़ी जनहानि हो सकती थी। जानकारी के अनुसार, यह दर्दनाक घटना रविवार सुबह करीब 8 बजे की है। घिचा पारा निवासी सेत राम कुम्हार की गाय पास ही मौजूद ट्रांसफार्मर के पास से गुजर रही थी। सुबह हुई बारिश के कारण वहां की जमीन पूरी तरह गीली थी और ट्रांसफार्मर से करंट सीधे जमीन पर आ रहा था।

### जूनापारा तालाब का जल्द बदलेगा स्वरूप

**बैकुण्ठपुर।** कोरिया जिले में मोर गांव मोर पानी महा अभियान आरंभ किए जाने के बाद पूरे जिले में जल संरक्षण और जल संवर्धन के लिए निरंतर कार्य पूर्ण कराए जा रहे हैं। इसी कड़ी में परंपरागत जल स्त्रोतों के पुनरूद्धार के लिए निरंतर कार्य स्वीकृत किए जा रहे हैं। मनरेगा श्रमिकों के माध्यम से नवा तरिया, आजीविका डबरी और कंटूर ट्रेंच जैसी संरचनाएं तेजी से बनाई जा रही हैं। वहीं अन्य योजनाओं से भी जल संरचनाओं को नवीनीकृत किए जाने के लिए ग्राम पंचायतों को प्रशासकीय स्वीकृत प्रदान की जा रही है। बीते अप्रैल माह में ही बचरा पोड़ी क्षेत्र स्थित ग्राम पंचायत सकरिया में पूर्व से बने हुए दो तालाबों में जीर्णोद्धार करते हुए गाद सफाई का कार्य किए जाने के लिए ग्राम पंचायत को पंद्रहवें वित्त मद से प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। पहला गाद सफाई कार्य ग्राम पंचायत सकरिया में जूनापारा तालाब में और दूसरा कार्य साहू पारा स्थित तालाब में किया जाना है। जनपद पंचायत बैकुंठपुर के सीईओ कि मार्च माह में सामान्य सभा में जनप्रतिनिधियों ने इस कार्य को कराए जाने के लिए प्रस्ताव पारित किया था और अप्रैल माह में ही इन कार्यों को पंद्रहवें वित्त मद की अनबद्ध राशि से स्वीकृत कर दिया गया है। जूनापारा स्थित तालाब में गाद सफाई कार्य के लिए कुल चार लाख रूपए ग्राम पंचायत को स्वीकृत किए गए हैं।

# विद्युत की समस्या दूर करने लगा अधिक क्षमता का ट्रांसफार्मर

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

नगर पालिका शिवपुर चरचा में पिछले कई दिनों से बनी हुई बिजली समस्या को लेकर नगर पालिका उपाध्यक्ष राजेश सिंह ने सक्रियता दिखाते हुए विद्युत विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर अधिक क्षमता वाला ट्रांसफार्मर लगवाया, इससे क्षेत्रवासियों को लगातार हो रही बिजली कटौती से राहत मिलने की उम्मीद है।

■ नपा उपाध्यक्ष राजेश ने सक्रियता दिखा अधिकारियों से किया संपर्क

जानकारी के अनुसार सेंट्रल बैंक के सामने स्थापित ट्रांसफार्मर में पिछले लगभग 15 दिनों से तकनीकी समस्या बनी हुई थी। कम क्षमता होने के कारण ट्रांसफार्मर का जम्पर बार-बार उड़ रहा था, जिससे क्षेत्र में घंटों तक बिजली आपूर्ति बाधित रहती थी। स्थानीय नागरिकों द्वारा लगातार शिकायत किए जाने के बाद कुछ दिन पहले ट्रांसफार्मर लगाया गया था, लेकिन उसकी क्षमता पर्याप्त नहीं होने से समस्या जस की तस बनी रही। शनिवार को दोपहर से सीजीबी लाइन बंद होने के कारण क्षेत्र के उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बढ़ती समस्या को देखते हुए नगर पालिका उपाध्यक्ष राजेश सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए विद्युत विभाग के अधिकारी केशव चंद्रा से तत्काल संपर्क किया और अधिक क्षमता वाले ट्रांसफार्मर की मांग की। उपाध्यक्ष की पहल पर विद्युत विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उच्च क्षमता का ट्रांसफार्मर लगाने की प्रक्रिया शुरू की। स्थानीय लोगों ने इस पहल का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई है कि अब क्षेत्र में बार-बार होने वाली बिजली कटौती की समस्या से स्थायी राहत मिलेगी। क्षेत्रवासियों का कहना है कि समय पर हस्तक्षेप होने से लंबे समय से चली आ रही समस्या का समाधान संभव हो सका है, जिससे आम नागरिकों, दुकानदारों और बैंक उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिलेगी। चरचा में लगातार हो रही बिजली कटौती को लेकर लोगों में नाराजगी बढ़ रही थी। गर्मी के मौसम में बार-बार बिजली गुल होने से घरों के साथ-साथ व्यापारिक प्रतिष्ठानों और बैंकिंग कार्यों पर भी असर पड़ रहा था। सेंट्रल बैंक के सामने लगे ट्रांसफार्मर में तकनीकी खराबी और कम क्षमता के कारण प्रतिदिन जम्पर उड़ने की समस्या सामने आ रही थी, जिससे कई घंटों तक क्षेत्र अंधेरे में डूबा रहता था।



#### शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी

उपाध्यक्ष राजेश सिंह ने कहा कि नगरवासियों की समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकता है और भविष्य में भी बिजली, पानी तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने विद्युत विभाग से क्षेत्र में नियमित निगरानी बनाए रखने और ऐसी समस्याओं की पुनरावृत्ति रोकने की भी मांग की।

शनिवार को स्थिति तब और गंभीर हो गई जब दोपहर से ही सीजीबी लाइन बंद हो गई। सूचना मिलने पर नगर पालिका शिवपुर चरचा के उपाध्यक्ष राजेश सिंह ने तत्काल विद्युत विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर समस्या के शीघ्र समाधान की मांग की। उन्होंने अधिकारियों को बताया कि बार-बार की बिजली कटौती से आम जनता को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है और इसका स्थायी समाधान आवश्यक है। विद्युत विभाग के अधिकारी केशव चंद्रा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए विभागीय अमले को मौके पर भेजा। निरीक्षण के बाद पाया गया कि मौजूदा ट्रांसफार्मर क्षेत्र के विद्युत भार को संभालने में सक्षम नहीं है, इसके बाद तत्काल अधिक क्षमता वाला ट्रांसफार्मर स्थापित करने का निर्णय लिया गया और देर शाम तक ट्रांसफार्मर बदलने का कार्य पूरा कर लिया गया। क्षेत्र के नागरिकों ने उपाध्यक्ष राजेश सिंह और विद्युत विभाग की त्वरित कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि लंबे समय से चली आ रही समस्या का समाधान होने से लोगों को राहत मिलेगी। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि लगातार बिजली बाधित होने से उनके व्यवसाय प्रभावित हो रहे थे, जबकि बैंक आने वाले ग्राहकों को भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था।

### विश्व साइकिल दिवस पर शहर में निकली साइकिल रैली

# साइकिल के पहियों पर दौड़ा फिटनेस का संदेश


साइकल चलाते कलेक्टर और प्रभारी एसपी।


शुभारंभ पर उपस्थित लोग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

खेल एवं युवा कल्याण विभाग रायपुर छग शासन के निर्देशानुसार तथा जिला प्रशासन कोरिया के मार्गदर्शन में विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग कोरिया द्वारा रविवार को बैकुंठपुर में साइक्लिंग एवं जुम्बा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

फिट इंडिया अभियान के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव, प्रभारी पुलिस अधीक्षक श्रीमती सुरेशा चौबे, खेल विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, पुलिस बल के जवान, स्थानीय खेल संघों के पदाधिकारी, स्कूली छात्र-छात्राएं, बैडमिंटन अकादमी के खिलाड़ी, महिलाएं एवं काफी संख्या में आम नागरिक शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्रीमती यादव ने कहा कि साइक्लिंग और नियमित व्यायाम स्वस्थ जीवनशैली की नींव हैं। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में शारीरिक गतिविधियों की कमी अनेक स्वास्थ्य समस्याओं को जन्म दे रही है।

# कलेक्टर ने साइकिल चलाकर दिया स्वस्थ्य जीवन का संदेश

**मनेन्द्रगढ़।** विश्व साइकिल दिवस 2026 के अवसर पर मनेन्द्रगढ़ का सुरभि पार्क फिटनेस, ऊर्जा और पर्यावरण जागरूकता का केन्द्र बन गया। खेल एवं युवा कल्याण विभाग, छग द्वारा आयोजित साइक्लिंग एवं जुम्बा कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, युवाओं और नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर स्वस्थ जीवनशैली और हरित भविष्य का संदेश दिया।



कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सुश्री संतन देवी जांगड़े ने स्वयं साइकिल चलाकर नागरिकों को नियमित व्यायाम अपनाने के लिए प्रेरित किया। उनके साथ एसडीएम लिंगराज सिदार 18 वीं बटालियन छग सशस्त्र बल के कमांडेंट संजय शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिमा यादव सहित अनेक अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। सुरभि पार्क में आयोजित जुम्बा सत्र ने युवाओं में नई ऊर्जा का संचार किया। संगीत की धुनों पर थिरकते प्रतिभागियों का उत्साह देखते ही बन रहा था। बच्चों से लेकर वरिष्ठ नागरिकों तक सभी ने कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता निभाई और स्वास्थ्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर खेल विभाग द्वारा कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा यादव, कमांडेंट संजय शर्मा, एसडीएम लिंगराज सिदार तथा निर्वाचन पर्यवेक्षक सतीश द्विवेदी को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

## खबर संक्षेप



### समलाया मंडल की बैठक में पर्यावरण संरक्षण पर मंथन

**अम्बिकापुर**। संकल्प भवन में आयोजित भाजपा समलाया मंडल की मासिक बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। भाजपा केवल राजनीतिक संगठन नहीं बल्कि सामाजिक सरोकारों और जनजागरूकता अभियानों के माध्यम से समाज को सकारात्मक दिशा देने का कार्य कर रही है। 5 जून से 23 जून तक आयोजित होने वाले विभिन्न संगठनात्मक एवं जन जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से कार्यकर्ता जन-जन तक सरकार की उपलब्धियों, सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण की योजनाओं को पहुंचाने का कार्य करेंगे। उन्होंने मंडल स्तर पर व्यापक पौधरोपण अभियान, स्वच्छता अभियान, मन की बात कार्यक्रम, शक्त केंद्र एवं बूथ बैठकों को प्रभावी ढंग से संचालित करने का आह्वान किया। एक पेड़ मां के नाम अभियान के माध्यम से अधिक से अधिक पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें साथ ही विश्व योग दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित करने का आग्रह किया। बैठक उपरांत मंडल कार्यकर्ताओं ने हाथी पखना स्थित गणपति धाम में एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत पौधारोपण किया तथा पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस दौरान विधान चंद्राकर, मंजूषा भगत, अरूणा सिंह, डॉ.अम्बिकेश केशरी, हरमिंदर सिंह टिन्नी, कमलेश तिवारी, अजय सोनी, अभिषेक सिंहदेव, सर्वेश तिवारी आदि उपस्थित थे।

### पौध रोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**सेदम**। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ओबीसी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष सत्यनारायण गुप्ता के नेतृत्व में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भारत के निर्माण के उद्देश्य से ग्राम जरहाडीह में विशेष पौधा रोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सहित उपाध्यक्ष श्रीकांत गुप्त, मंत्री गोविंद यादव, सदस्य सुन्दर दास, मुकेश गुप्ता, पंच बुधराम सिंह, आशीष कुजूर, फिरोन कुजूर एवं समस्त कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से 50 पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीण ने अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने का संकल्प लिया। मंडल अध्यक्ष सत्यनारायण गुप्ता ने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते प्रदूषण एवं जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए पौधरोपण अत्यंत आवश्यक है। पौधे न केवल हमें शुद्ध ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, बल्कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने, जल संरक्षण, जैव विविधता को सुरक्षित रखने तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पौधरोपण कार्यक्रम में वन विभाग के वनपाल पालेश्वर राम, रामू खलखो, देवेंद्र शुक्ला एवं वन रक्षक कौशल पैकरा की विशेष सहभागिता रही। जो कि पौधे उपलब्ध कराने एवं विधिवत पौधा लगाने में पूरा सहयोग प्रदान किए।

### सर्व नाई सेन समाज बलरामपुर रामानुजगंज में बैठक



**अम्बिकापुर**। जिला मुख्यालय स्थित जनपद पंचायत कार्यालय के सभा कक्ष में शनिवार को सर्व नाई सेन समाज की बैठक हुई। संगठन का दो जिला अध्यक्ष होने के कारण कई बार गंभीर समस्याएं उत्पन्न होने को लेकर समाज के लोगों एवं प्रदेश उपाध्यक्ष अविनाश ठाकुर की उपस्थिति में कार्यकारिणी भंग कर सर्व सम्मति से संगठन का कार्यवाहक अध्यक्ष राजेन्द्र श्रीवास को चुना गया। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सुदृढ़ीकरण एवं विकास संबंधी विषयों पर अपने सुझाव दिए। इस दौरान शत्रुघन ठाकुर, महेन्द्र ठाकुर, प्रदीप ठाकुर, राजा ठाकुर, उदय ठाकुर, संजय ठाकुर, अशोक ठाकुर, महेन्द्र श्रीवास, भुपेन्द्र ठाकुर, दिनेश, कामेश्वर, राजेन्द्र ठाकुर आदि उपस्थित थे।

### पेयजल की समस्या से जूझ रहे ग्राम पंचायत के ग्रामीण

# दो साल से बंद पड़ी ग्राम पंचायत सिंघरी की सौर नल-जल योजना



अनुपयोगी पानी टंकी।



पानी लेने जाते ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

केन्द्र और राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने विभिन्न योजनाओं के तहत करोड़ों रुपए खर्च कर रही है। कई पंचायतों में योजना का लाभ मिल रहा है। प्रतापपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत सिंघरी में भी क्रेडा विभाग द्वारा सौर ऊर्जा आधिरित नल जल योजना के तहत ग्रामीणों के घरों में नल कनेक्शन के माध्यम से शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की गई लेकिन देख रेख के अभाव में सौर ऊर्जा नल-जल योजना पिछले दो साल से पूरी तरह से बंद है। ऐसे में ग्राम पंचायत सिंघरी में भीषण गर्मी में पेयजल संकट से ग्रामीण जूझ रहे है। गांव में लगा सौर ऊर्जा आधारित जल प्रदाय सिस्टम पिछले दो साल से खराब पड़ा हुआ है, लेकिन आज तक मरम्मत नहीं हो सकी। ऐसे में पेयजल की व्यवस्था नहीं होने से लोग परेशान है क्षेत्र के ग्रामीण कुआं या ढोढ़ी के पानी का उपयोग करने को मजबूर है।

**खास बात**

- घरों में पानी सप्लाई नहीं होने से लोग परेशान

ग्रामीण ने बताया कि गांव में स्थापित सौर ऊर्जा नल-जल योजना लगभग दो वर्षों से बंद है। कई बार सरपंच और सचिव को इसकी जानकारी दी गई, लेकिन हर बार केवल आश्वासन मिला। कभी आज बन जाएगा तो कभी कल ठीक हो जाएगा कहकर मामला टाल दिया गया, लेकिन आज तक समस्या का समाधान नहीं हुआ। गांव में शुद्ध पेयजल की कोई वैकल्पिक व्यवस्था भी नहीं है। ऐसे में गांव के लोग मजबूरी में मटमैले ढोड़ी और पुराने कुआं का पानी पीने को विवश हैं। ऐसे में महिलाओं और बच्चों को दूर-दूर तक पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि गंदा पानी पीने से गांव में डायरिया, उल्टी-दस्त और अन्य गंभीर बीमारियां फैल सकती हैं। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारी समस्या के समाधान को लेकर गंभीर नजर नहीं आ रहे हैं। ऐसे में विभागीय उदासीनता का खामियाजा क्षेत्र के लोगों को भुगतना पड़ रहा है।

#### आंदोलन की चेतावनी

ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से तत्काल सौर जल प्रदाय सिस्टम की मोटर लगाकर पानी व्यवस्था बहाल करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि इस भीषण गर्मी में जल स्तर काफी नीचे चला गया है ऐसे में क्षेत्र के जो कुआं भी सूखने के कगार पर है। हालांकि कुआं में जितना पानी संग्रहित होता है उससे गांव के लोगों की आपूर्ति होना संभव नहीं है जिससे गांव के समीप ढोढ़ी के पानी से निस्तारण सहित पेयजल के लिए पानी का उपयोग करने को मजबूर है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द पानी की समस्या का समाधान नहीं हुआ तो ग्रामीण उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

#### समस्या को लेकर नहीं कोई गंभीर

ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम पंचायत स्थित सौर ऊर्जा जन जल योजना पिछले दो साल से बंद है लेकिन आज तक न तो संबंधित विभाग के अधिकारियों ने सुध ली और न ही क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने समस्या को गंभीरता से लिया। क्रेडा विभाग के अधिकारियों ने कभी मौके पर पहुंचकर समस्या जानने की कोशिश नहीं की। पंचायत प्रतिनिधियों ने भी इस गंभीर समस्या को प्राथमिकता नहीं दी। ऐसे में ग्राम पंचायत के ग्रामीण आज भी मूलभूत सुविधा के लिए संघर्ष कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि यदि किसी शहर में दो दिन पानी बंद हो जाए तो प्रशासन तत्काल सक्रिय हो जाता है, लेकिन गांव में दो वर्षों से पेयजल व्यवस्था ठप होने के बावजूद किसी को चिंता नहीं है।

#### जल्द कराई जाएगी मरम्मत

ग्राम पंचायत सिंघरी में सौर ऊर्जा नल जल योजना बंद है तो इस संबंध में संबंधित अधिकारियों से चर्चा करती हूं। साथ ही जो खराबी है उसे जल्द मरम्मत कराने के लिए निर्देशित करती हूं।

-ललिता भगत, एसडीएम प्रतापपुर

## 14 हिरणों की संदिग्ध मौत की जांच रिपोर्ट दबी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

संजय वन वाटिका में 14 हिरणों की मौत के मामले की फाइल ठंडे बस्ते में चली गई। इस मामले में सिर्फ कुछ कर्मचारियों पर कार्रवाई कर खानापूर्ति कर ली गई। हैरानी की बात तो यह है कि कार्रवाई को लेकर अवर सचिव द्वारा निर्देश जारी किए जाने के बाद भी कार्रवाई नहीं की गई। वहीं अब विभाग हिरणों के पीएम की रिपोर्ट तक उपलब्ध कराने में आना कानी कर रहा है। ऐसे में कांग्रेस के अल्प संख्यक विभाग के प्रदेश महासचिव परवेज आलम गांधी ने अधिकारियों की कार्यशैली व मंशा पर सवाल उठाते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की है।



- संजय पार्क में 14 हिरणों की मौत के मामले में विभाग नहीं दे पा रहा कोई जानकारी

बता दें कि सरगुजा वन मंडल के अंतर्गत संचालित संजय वन वाटिका में 21 मार्च की रात बाड़े में घुसकर आवारा कुत्तों ने हिरणों पर हमला कर दिया था। इस घटना में 6 कोटरा हिरण, 6 चीतल, 2 चौसिंघा समेत 14 हिरणों की मौत हो गई थी। इस दौरान हिरणों के गर्दन, शरीर पर नोचने के निशान मिले थे। हिरणों की मौत के बाद वन विभाग के आला अधिकारियों की मौजूदगी में वन्यजीव चिकित्सक डॉ. अजीत पांडेय एवं स्थानीय चिकित्सक डॉ. शौरी के माध्यम से मृत हिरणों का नियमानुसार पोस्टमार्टम कराया गया एवं आवश्यक सैम्पल तथा विसरा आदि सुरक्षित किया गया। पीएम उपरांत संजय वन वाटिका कक्ष क्रमांक 2580 में सीसीएफ, सरगुजा, सीसीएफ (वन्यजीव) सरगुजा, डीएफओ सरगुजा, संयुक्त वनमण्डलाधिकारी सरगुजा वनमण्डल एवं उप वनमण्डलाधिकारी अम्बिकापुर की उपस्थिति में मृत हिरणों का दाह संस्कार किया गया। शुरुवात में विभाग ने चौकीदार विरेन्द्र, वन प्रबंधन समिति के सदस्य लोधे राम की लापरवाही की बात कही जबकि बाद में मुख्य वन संरक्षक सरगुजा वन वृत्त द्वारा पार्क में पदस्थ उप वनक्षेत्रपाल अशोक सिन्हा, वनपाल श्रीमती ममता परते, वनपाल श्रीमती प्रतीमा लकड़ा एवं वनपाल श्रीमती बिन्दू सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबन की कार्रवाई की गई। वनरक्षक श्रीमती फुलमनी को डीएफओ सरगुजा ने निलंबित किया था लेकिन अब तक इस पूरे मामले में असल चूक कहां पर हुई यह पता नहीं चल सका। कुत्ते सुरक्षित बाड़े में कैसे घुसे यह अब तक रहस्य है। इसके साथ ही उनके मौत की असल कारणों का अब तक पता नहीं चल सका है। अधिकारी शुरुआत में कुत्तों द्वारा हमला करने पर हिरणों को शॉक लगने की बात भी कह रहे थे लेकिन पीएम रिपोर्ट में क्या तथ्य सामने आए यह अब तक पता नहीं चल सका है। इस बीच कांग्रेस नेता परवेज आलम गांधी ने 27 मार्च को ही मुख्यमंत्री के नाम पत्र लिखकर जांच व कार्रवाई की मांग की थी जिसके बाद अवर सचिव ने प्रधान मुख्य वन संरक्षक को इस मामले नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए थे लेकिन इसपर कोई ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई। वहीं पीएम रिपोर्ट की जानकारी सूचना के अधिकार के तहत मांगी थी लेकिन डीएफओ कार्यालय से यह जानकारी दे दी गई कि उनके पास हिरणों की मौत के बाद हुए पीएम की रिपोर्ट व सीसीएफ कार्यालय में हुए जांच की रिपोर्ट उपलब्ध नहीं है। ऐसे में अब उन्होने विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठाए है।

## डॉ. जायसवाल को हैदराबाद स्थित प्रतिष्ठित एफएआईजी फेलोशिप से किया गया सम्मानित



**बिश्रामपुर**। नगर के डॉ दीपक जायसवाल को चिकित्सा क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान एवं रोग प्रबंधन में विशेषज्ञता के लिए प्रतिष्ठित एफएआईजी (फेलोशिप ऑफ़ एशियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ गैस्ट्रो एंटरोलॉजिस्ट ) अंतर्गत एडवांस डिसीस मैनेजमेंट के फेलोशिप से सम्मानित किया गया है । उक्त सम्मान 6 जून को हैदराबाद स्थित एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ गैस्ट्रोएंटरोलॉजी - एआईजी हॉस्पिटल में आयोजित फिजिशियन कॉन्वोकेशन समारोह में हॉस्पिटल ग्रुप के चेयरमैन डॉ डी.नागेश्वर रेड्डी के द्वारा प्रदान किया गया है।बता दें कि एआईजी अस्पताल विश्वस्तरीय एवं अग्रणी चिकित्सा संस्थानों में से एक माना जाता है, जो चिकित्सा शिक्षा, अनुसंधान और उन्नत रोग प्रबंधन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। डॉ जायसवाल वर्तमान में श्री बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस, रायपुर में आंतरिक चिकित्सा (मेडिसिन) विभाग में सेवाएं दे रहे हैं। वे चिकित्सा शिक्षा, अकादमिक गतिविधियों एवं रोगियों की गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवा के लिए विशेष रूप से जाने जाते हैं।गौरतलब है कि डॉ दीपक जायसवाल, नगर पंचायत शिवनन्दनपुर मेन मार्केट निवासी वरिष्ठ भाजपा नेता श्री बनारसीलाल जायसवाल के सुपुत्र एवं विवेक जायसवाल के बड़े भाई हैं,उनकी इस उपलब्धि से परिवार, क्षेत्र और चिकित्सा जगत में हर्ष का वातावरण है।डॉ जायसवाल की इस सफलता पर उनके सहयोगियों, विद्यार्थियों एवं शुभचिंतकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।

## रेस्ट ऑफ सरगुजा की टीम बनी एमएस सिंहदेव क्रिकेट टूर्नामेंट चैंपियन




**अम्बिकापुर**। गांधी स्टेडियम में गुरुवार को अंडर-16 पिंक लेदर बॉल एमएस सिंहदेव फ्लड लाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला खेला गया। फाइनल में सीडब्ल्यूआरडी और रेस्ट ऑफ सरगुजा की टीमों के बीच मुकाबला हुआ। जिसमें रेस्ट ऑफ सरगुजा की टीम ने मैच जीत कर अंडर-16 पिंक लेदर बॉल एमएस सिंहदेव क्रिकेट टूर्नामेंट पर कब्जा जमाया।

- नवीन ठाकुर रहे फाइनल के नायक

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी रेस्ट ऑफ सरगुजा की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में 5 विकेट के नुकसान पर 144 रन बनाए। टीम की ओर से नवीन ठाकुर ने नाबाद 77 रनों की मैच विजयी पारी खेली, जबकि स्वास्तिक केशरी ने 36 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया। सीडब्ल्यूआरडी की ओर से गौरव मिश्रा ने 2 विकेट हासिल किए। 145 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी सीडब्ल्यूआरडी की टीम रेस्ट ऑफ सरगुजा के गेंदबाजी के सामने संघर्ष करती नजर आई और पूरी टीम 108 रनों पर सिमट गई। गौरव और तनय ने 20-20 रन बनाए। रेस्ट ऑफ सरगुजा की ओर से हर्ष चौधरी और सनी ओझा ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 2-2 विकेट लिए। नाबाद 77 रनों की पारी के लिए नवीन ठाकुर को मैन ऑफ द मैच चुना गया। इस जीत के साथ रेस्ट ऑफ सरगुजा ने टूर्नामेंट अपने नाम की। इस अवसर पर सरगुजा क्रिकेट संघ के अध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंहदेव ने कहा कि पिंक बॉल क्रिकेट का यह आयोजन प्रदेश ही नहीं बल्कि देश में जूनियर क्रिकेट के विकास की दिशा में एक अभिनव पहल है। उन्होंने खिलाड़ियों से खेल भावना, अनुशासन और निरंतर मेहनत को सफलता का मूल मंत्र बताते हुए भविष्य में और बड़े स्तर की प्रतियोगिताओं के आयोजन का भरोसा दिलाया। संघ के सचिव विनीत जायसवाल ने कहा कि यह आयोजन भारत का पहला अंडर-16 फ्लड लाईट पिंक लैदर बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट है। संघ के कोषाध्यक्ष शैलेश सिंह ने कहा कि इस तरह के आयोजन का सबसे बड़ा लाभ यह हुआ है कि सरगुजा क्रिकेट संघ अब अंडर-14 और अंडर-16 आयु वर्ग के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पहचान एक वर्ष पहले ही कर सकेगा। कार्यक्रम में गोपाल सूत्रधर, ज्ञानू सिंह, अलंकार तिवारी, जीवन यादव, अमित सिन्हा, सुधाकर सिंह, अरुण सिंह, मुजाहिद खान, विकास शर्मा, अली रिज़वी, आकाश शर्मा, पवन सिंह, रोचक मेवाती, अविनाश ठाकुर, नवीन द्विवेदी, सोलू सिंह, पियूष त्रिपाठी, कृष्ण सिंह, विनीत मिश्रा, आयुष सिंह, आर्य जायसवाल, ऋतुराज, युग्वीर सहित बड़ी खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

## भाजपा किसान मोर्चा जिला कार्यसमिति की बैठक में योजनाओं पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर




संकल्प भवन में शनिवार को भाजपा किसान मोर्चा जिला कार्यसमिति की परिचयात्मक बैठक हुई। बैठक में केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्षों के उपलब्धियों पर चर्चा की गई साथ ही किसानों के हित में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं एवं संगठनात्मक गतिविधियों को गांव-गांव तक पहुंचाने की रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में महापौर मंजूषा भगत ने कहा कि केंद्र सरकार की किसान हितैषी योजनाओं ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने का कार्य किया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। डॉ.अम्बिकेश केशरी ने कहा कि किसान देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और भाजपा सरकार किसानों के सम्मान तथा समृद्धि के लिए निरंतर कार्य कर रही है। जिला महामंत्री विनोद हर्ष ने कहा कि संगठन की मजबूती ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है। कार्यकर्ताओं को सेवा और जनसंपर्क के माध्यम से सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना चाहिए। मोर्चा के प्रदेश मंत्री अनिल अग्रवाल ने कहा कि किसान मोर्चा किसानों और सरकार के बीच सेतु की भूमिका निभा रहा है तथा किसानों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। जिलाध्यक्ष अनिल उरांव निराला ने कहा कि संगठन के कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर किसानों को केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी देंगे और उन्हें योजनाओं से जोड़ने का कार्य करेंगे। बैठक को जिला महामंत्री अरूणा सिंह सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी संबोधित किया। बैठक का संचालन अनिल तिवारी तथा आभार प्रदर्शन महेन्द्र सिंह ने किया। इस दौरान जन्मेजय मिश्रा, रूपेश दुबे, निलेश सिंह, डॉ.पूर्णिमा सिंह, जीतेश्वर पाठक, कुणाल सिंह, अजीत सिंह, विक्की सोनी आदि उपस्थित थे।




डॉ विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
दिनांक - 06 जून 2026, शनिवार, समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ भाविक शाह
पेट और आंत रोग विशेषज्ञ
हर महीने के (चौथा रविवार)
डॉ संजय अग्रवाल
पेट और आंत रोग विशेषज्ञ
हर महीने के (दूसरा रविवार)
डॉ अमित मुखर्जी
स्पाइन और ब्रेन सर्जरी
हर महीने के चौथे रविवार
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका, अम्बिकापुर (जिला-सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S.,M.D.(पल्मोनरी मेडिसीन)
श्वाँस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
डॉ.दीपक अग्रवाल (हड्डी रोग विशेषज्ञ)
एम.बी.बी.एस, डी, आर्थो. (एफ.पी.ओ.)
सभी जोड़ों से संबंधित मरीज तथा बच्चों की जन्मजात हड्डी रोग
दिनांक :- 14 जून 2026, रविवार
सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

गुप्त रोग
का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनोरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के
अण्डकोष, बवासीर, भगंदर
का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास
अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

TOP IN SURGUJA

COURSES OFFERED:
UG COURSES: BCA | BBA | BCOM | BSC BIO | BSC MATHS | BSC CS | BA
PG COURSES: MSC CS | MSC IT | MSC BOTANY | MSC ZOOLOGY | MSC CHEMISTRY | MSC MATHS | MSC PHYSICS | MCOM | MSW | MA HINDI
PROFESSIONAL COURSES: DCA | PGDCA | PGDBM
के आर टेक्निकल कॉलेज
SINCE 2008
WWW.KRTC.CO.IN
(एक कौशल केन्द्रित स्नातकोत्तर महाविद्यालय)
संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय सरगुजा से संबद्ध
छत्तीसगढ़ उच्च शिक्षा विभाग से मान्यता प्राप्त
ADMISSION OPEN 2026-27
Tally Education Private Limited
IGNOU Study Centre Code: 36146
पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (SC, ST एवं OBC विद्यार्थियों हेतु)
विद्यासागर छात्रवृत्ति
अधिकतम 30% तक (सभी वर्गों के विद्यार्थियों के लिए)
सीमित कोर्स में फ्री कोचिंग सुविधा उपलब्ध
COLLEGE CAMPUS: अम्बिकापुर रेलवे स्टेशन के पास, काली घाट मंदिर के आगे, संजय नगर, छत्तीसगढ़
9926513170, 9826612781
CITY OFFICE: कृष्ण आभा भवन, रिंग रोड, नमना कला, अम्बिकापुर, छत्तीसगढ़
9826183771

गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL
CREATING HEALTHY TOMORROW
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
CGHS से मान्यता प्राप्त
हमारी सेवाएं
गर्भावस्था की सम्पूर्ण देखभाल
सुरक्षित प्रसव सुविधा
बांझपन परामर्श एवं उपचार
पीसीओडी/पीसीओएस उपचार
महिला रोगों की जांच व इलाज
सोनोग्राफी एवं आधुनिक सुविधाएं
डिलीवरी (नार्मल एवं सिजेरियन)
समय :- सुबह 11:00 बजे से शाम 05 बजे तक
अब महिलाओं की हर समस्या का सम्पूर्ण समाधान !
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ की सम्पूर्ण सुविधाएं उपलब्ध
DR. SONAL DUBEY
MBBS, MS
(OBSTETRICS & GYNAECOLOGY
LAPAROSCOPIC SURGEON

डॉ. प्राची MULTI SPECIALITY HOSPITAL
सोनोग्राफी की तत्काल सुविधा उपलब्ध
हमारी सेवाएं
गर्भावस्था की संपूर्ण देखभाल
सुरक्षित प्रसव एवं सिजेरियन डिलीवरी
सोनोग्राफी की सुविधा
महिलाओं में संबंधित बीमारियों का इलाज एवं ऑपरेशन
बांझपन (Infertility) एवं PCOD उपचार
हाई रिस्क प्रेगनेंसी प्रबंधन
हार्मोन एवं अन्य आवश्यक जांच सुविधाएं
24×7 दवाई इलाज की सुविधा
सर्जरी सेवाएं
बवासीर (Piles)
फिस्टुला (Fistula)
फिशर (Fissure)
हाइड्रोसील (Hydrocele)
अपेंडिक्स (Appendix)
हड्डी की सर्जरी आयुष्मान कार्ड द्वारा उपलब्ध है
डॉ. प्राची जायसवाल
M.B.B.S., D.G.O., FMAS
कार्मेल कॉन्वेन्ट स्कूल के सामने, सतपत्ता, विश्रामपुर 76106 06524, 7974491055

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकिज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप

### किसानों के नाम फर्जी ऋण प्रकरण तैयार करने का आरोप

**रामानुजगंज।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की स्थानीय शाखा रामानुजगंज में किसानों के नाम पर कथित रूप से फर्जी ऋण प्रकरण तैयार कर धान विक्रय राशि में लाखों रूपये की कटौती करने का मामला गंभीर होता जा रहा है। मामले को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अरविंद दुबे ने उच्च स्तरीय जांच की मांग की है तथा इसे संभावित रूप से एक बड़ा वित्तीय घोटाला बताया है। अरविंद दुबे ने बताया कि विगत वर्ष जब किसानों को धान विक्रय की राशि का भुगतान करने के दौरान बड़ी संख्या में किसानों के खातों से तथाकथित ऋण की कटौती की गई। चौंकाने वाली बात यह है कि ऐसे अनेक किसानों के नाम भी ऋण दर्शाया जा रहा है जिन्होंने कभी ऋण के लिए आवेदन तक नहीं किया और न ही ऋण लिया। व्यवस्था के तहत जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक सीधे किसानों को ऋण प्रदान नहीं करता, बल्कि सहकारी समितियों के माध्यम से ऋण वितरण की प्रक्रिया संचालित होती है। संबंधित समितियां किसानों के रकबे एवं पात्रता के आधार पर ऋण प्रस्ताव बैंक को भेजती हैं, जिसके बाद ऋण स्वीकृत किया जाता है। वर्तमान मामले में कई किसानों के नाम ऐसे ऋण दर्ज हैं जिनकी जानकारी स्वयं किसानों को नहीं है। पीड़ित किसानों को संबंधित समितियों द्वारा यह प्रमाणित किया गया है कि उन्होंने समिति से कोई ऋण प्राप्त नहीं किया है तथा उनके नाम पर कोई बकाया राशि नहीं है। इसके बावजूद जिला सहकारी बैंक इन प्रमाणपत्रों को स्वीकार नहीं कर रहा और किसानों की धान विक्रय राशि से कथित बकाया ऋण की कटौती कर रहा है। किसानों ने इस संबंध में बैंक के महाप्रबंधक तथा जिला प्रशासन को आवेदन प्रस्तुत कर न्याय की गुहार लगाई है। किसानों ने कलेक्टर से मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है लेकिन मामले में कार्रवाई नहीं की गई है।

### फर्जी शिकायत से नाराज ग्रामीणों ने थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन



**धौरपुर।** ग्राम अमड़ी निवासी स्वयंबर सिंह, कुंवर साय एवं प्रभु द्वारा गांव के ही सूरजप्रसाद गुप्ता, कैलाश गुप्ता एवं रामेश्वर सिंह के विरूद्ध मुख्यमंत्री एवं एसडीएम से फर्जी शिकायत करने से आक्रोशित ग्रामीण रविवार को पुलिस थाना पहुंचे एवं नाराजगी जताई। नाराज ग्रामीणों ने थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंप शिकायत की जांच कराने एवं शिकायतकर्ताओं के विरूद्ध कार्रवाई करने की मांग की। थाना प्रभारी ने ग्रामीणों को मामले की जांच कराने का आश्वासन देकर उन्हें घर जाने की सलाह दी।

### मजदूरों को दी गई योजनाओं की जानकारी

**रामानुजगंज।** जिपं सीईओ नयनतारा सिंह तोमर के नेतृत्व में ग्राम पंचायत चाकी में निर्माणाधीनतिरया स्थल पर रोजगार दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित श्रमिकों को तरिया के लाभ से अवगत कराया गया साथ ही क्यूआर कोर्ड स्केनिंग की प्रक्रिया, प्रधानमंत्री आवास योजना 90 दिवस की मजदूरी, आवास निर्माण के किस्तों के भुगतान सहित अन्य कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान ग्रामीणों को जल संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति प्रोत्साहित किया गया तथा स्व-सहायता समूह समूहों की भागीदारी बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया।

## निधन



### विमला रजक

**बिश्रामपुर।** नगर पंचायत बिश्रामपुर की वार्ड नंबर 7 निवासी वरिष्ठ भाजपा महिला कार्यकर्ता विमला रजक 60 वर्ष का शुक्रवार को निधन हो गया। बताया गया कि वे पिछले कुछ समय से कैंसर बीमारी से पीड़ित थी जिनका इलाज चल रहा था। शुक्रवार को उनका निधन हो गया। विमला रजक दसवीं बटालियन के जवान संतोष रजक की माता थी। वे अपने पीछे तीन पुत्र, पुत्री समेत भरापूरा परिवार शोकाकुल छोड़ गई। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में शनिवार को संपन्न हुआ।

## पेज 1 के शेष...

### संरक्षित वन भूमि में बन गए...

की है जबकि अन्य 4 हितग्राहियों को अवैध निर्माण हटाने की नोटिस जारी की है जबकि अन्य 4 हितग्राहियों के अवैध निर्माण को छूट दे दी है। ग्रामीणों ने विभाग पर पक्षपातपूर्ण कार्रवाई करने का आरोप लगाया है। वनभूमि में पीएम आवास निर्माण की स्वीकृति प्रदान करने एवं दो साल तक अवैध निर्माण के विरूद्ध कोई कार्रवाई नहीं करने को लेकर भी ग्रामीण दोनों विभागों की कार्य प्रणाली पर सवाल उठा रहे हैं। इस संबंध में वन परिक्षेत्राधिकारी मेवालाल पटेल ने बताया कि अवैध तरीके से वनभूमि में पीएम आवास निर्माण कराने वाले तीन हितग्राहियों को तीन दिन में अतिक्रमण हटाने की नोटिस जारी की गई है।

## अब तक पानी में डूबने से आधा दर्जन लोगों की हो चुकी है मौत

# लिब्रा वाटर फाल में हर रोज उमड़ रही लोगों की भीड़, नहीं है सुरक्षा व्यवस्था



लिब्रा वाटर फाल एवं वाटर फाल में नहाते युवा, इनसेट में लगाया गया सूचना बोर्ड।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रजपुरीकला

**खास बातें**

- भीषण गर्मी में राहत पाने परिवार के साथ पहुंच रहे लोग
- पर्यटन स्थल के रूप में विकसित हो सकता है लिब्रा झरना

भीषण गर्मी से जहां कूलर, पंखा ने जवाब दे दिया है वहीं कल कल करता स्वच्छ निर्मल जल गर्मी में राहत देने को काम कर रहा है। सुबह से ही तेज धूप और भीषण गर्मी से लोग परेशान है। ऐसे में गर्मी से राहत पाने शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या में लिब्रा झरना पहुंच रहे है। शहर के करीब होने के कारण लोग परिवार के साथ यहां सुबह से लेकर देर शाम तक देखे जा सकते है। लिब्रा झरना में बच्चों, युवाओं व युवतियों और महिलाओं मौज मस्ती करते आसानी से देखे जा सकते है। सुंदर जलप्रपात होने के कारण अब लोगों को यह मन पसंद जगह हो गई है जहां गर्मी के मौसम में भी लोग पिकनिक मनाने पहुंचने लगे है। लेकिन सुरक्षा के अभाव होने के कारण यह लोगों के लिए खतरनाक है। दो साल पूर्व झरना में एक युवती डूबने से मौत हो चुकी है जिसके बाद लिब्रा झरना में लोगों के लिए प्रतिबंध लगा दिया गया था। लेकिन अब लोगों की भीड़ उमड़ने लगी है और पुनः पिछले माह दो युवकों के डूबने से मौत हो गई। ऐसे में सुरक्षा के इंतजाम नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

शहर से लगभग 12 किलोमीटर की दूर स्थित लिब्रा झरना है जहां मई व जून के महीने में लोगों की काफी भीड़ उमड़ती है। मई महीने में 40 से 42 डिग्री सेल्सियस के आसपास तापमान होता है। ऐसे में झुलसा देने वाली तेज धूप और भीषण गर्मी पड़ने से लोगों को लिब्रा झरना में आने के बाद काफी सुकून मिलता है। सुबह से लेकर शाम तक बड़ी संख्या में लोग स्नान करने के लिए पहुंचते हैं। शहर के समीप होने के कारण शहर के लोगों का आकर्षण का केंद्र बनते जा रहा है। लिब्रा झरना के प्रति बढ़ते रुझान है लोगों को पत्थरों से टकराते हुए ऊंचाई से जब पानी की तेज धारा नीचे गिरती है तो सफेद मोती अदृश्य नजारा, सम्मोहन, हर किसी को मंत्रमुग्ध कर देता है। लोगों को यहां कल कल करती पानी के धारा से जो आनंद मिलता है वह किसी स्विमिंग पूल में शायद ही मिले। गर्मी के इस मौसम में ही लिब्रा झरना अपने रंगत में है। झरने से बहने वाली पानी की धारा पतली भी नहीं हुई है। घुनघुट्टा श्याम परियोजना के तहत निर्मित बांध के वेस्ट क्लियर से बहने वाली पानी इस झरने में आता है। जलाशय से निकलने वाले नहर के पकी होने के कारण नहर के बजाय अपनी वेस्ट बियर की हिस्सों में ही पानी बह रहा है। गर्मी में झरना अपनी खूबसूरती से लोगों को आकर्षित कर रहा है और ग्राम पंचायत करजी के निकट स्थित लिब्रा झरना का स्वच्छ निर्मल जल और सौंदर्य इस बात को प्रमाणित करता है कि सौंदर्य के आकर्षण से ही खूबसूरत स्थल का जन्म होता है यही कारण है कि इस सुंदरता को प्रभावित लोग यहां खिंचे चले आते हैं।

### सुरक्षा का अभाव, हर साल होती है मौत

लिब्रा झरना अब लोगों का मन पसंद जगह में एक बन गया है। ऐसे में हर मौसम में लोग बड़ी संख्या में यहां आते है। लिब्रा झरना में लोगों की सुरक्षा के व्यापक इंतजाम नहीं है। झरना से पानी गिरने के कारण नीचे काफी गड्ढा है जहां हर समय डूबने की संभावना बनी रहती है। हालांकि परिवार के साथ आए लोग अपने बच्चों का ख्याल रखते है लेकिन युवा मनोरंजन के लिए आते है जो उनके लिए काफी खतरनाक है।

#### प्रशासन ने लगाया था प्रतिबंध

हर वर्ष गर्मी के मौसम में लिब्रा झरना लोगों की भीड़ उमड़ती है। दो वर्ष पूर्व सुरक्षा के व्यापक इंतजाम नहीं होने के कारण लिब्रा झरना में एक युवती के डूम जाने से मौत हो गई। इधर मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन ने लिब्रा झरना में लोगों को जाने से प्रतिबंध लगा दिया था। लगभग दो साल बाद पुनः अब लिब्रा झरना में लोगों की भीड़ उमड़ने लगी है जबकि आज भी यहां सुरक्षा के नाम पर कुछ नहीं है जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

#### शराबियों का बना अड्डा

लिब्रा झरना सूनसान पहाड़ी क्षेत्र में होने के कारण अब शराबियों का अड्डा बन गया है। युवा नशा खोरी करने के बाद कांच के बोतल को झरना में ही फेंक देते है जिससे यहां स्नान करने वाले लोगों के पैर में चूबने का खतरा होता है। पुलिस के तैनात नहीं होने के कारण आसपास के ग्रामीण हडीया शराब लेकर पेड़ के नीचे बेखौफ होकर बिक्री करती है।

### हर साल होती है मौत

स्थानीय लोगों का कहना है कि वर्ष 2019 और उसके बाद कोरोना काल के दौरान सोशल मीडिया ने इस जलप्रपात को नई पहचान दिलाई। युवाओं द्वारा यहां की तस्वीरें और वीडियो फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप तथा अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा किए जाने लगे। जिसके बाद लोगों की भीड़ हर साल उमड़ने लगी। स्थानीय लोगों के मुताबिक 2019 से लेकर 2026 तक यहां डूबने की कई घटनाएं हो चुकी हैं और लगभग आधा दर्जन लोगों की जान चली गई है। कई मामलों में लोगों को बचाने का प्रयास किया गया, लेकिन गहराई और तेज जल प्रवाह के कारण सफलता नहीं मिल सकी। कुछ घटनाओं में शवों को घंटों की मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया।

### लिब्रा वाटरफॉल है क्षेत्र है प्रतिबंधित

लिब्रा वाटरफॉल प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित है। इसके बावजूद लोगों के वहां जाने की जानकारी मिली है। पुलिस को निर्देश दिए गए है कि प्रतिबंध का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए।

**-वन सिंह नेताम**, एसडीएम



# भाजपा जिला कार्यालय अटल कुंज में शहर मंडल की कामकाजी बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल की कामकाजी बैठक जिला भाजपा कार्यालय अटल कुंज में संपन्न हुई। बैठक में संगठन की आगामी गतिविधियों एवं 23 जून तक आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई।

पूर्व जिला महामंत्री राजेश महलवाला ने कहा कि संगठन की वास्तविक शक्ति उसके सक्रिय कार्यकर्ता होते हैं। उन्होंने प्रत्येक बूथ को मजबूत बनाने, घर-घर संपर्क अभियान चलाने तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने की बात कही। जिला महामंत्री शशिकांत गर्ग ने कहा कि आगामी कार्यक्रम केवल औपचारिक आयोजन नहीं बल्कि जनता के बीच संगठन की विचारधारा और उपलब्धियों को पहुंचाने का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से बूथ स्तर तक योजनाबद्ध तरीके से कार्यक्रम आयोजित करने तथा नए कार्यकर्ताओं को संगठन से जोड़ने की बात कही। जिला महामंत्री किसान मोर्चा अजय अग्रवाल अज्जू ने कहा कि संगठन द्वारा दिए गए प्रत्येक दायित्व का ईमानदारी और प्रतिबद्धता के साथ निर्वहन करना ही एक कार्यकर्ता की पहचान है। उन्होंने किसानों, युवाओं और आम नागरिकों के बीच लगातार संवाद बनाए रखने तथा जनसंपर्क के माध्यम से संगठन को और अधिक मजबूत करने पर जोर दिया। बैठक का शुभारंभ भारत माता, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। स्वागत भाषण मंडल अध्यक्ष अरविन्द मिश्रा ने दिया, मंच संचालन मंडल महामंत्री नीरज जिंदिया बंटी ने किया तथा आभार प्रदर्शन मंडल उपाध्यक्ष प्रमोद तायल ने किया। बैठक में शिव शंकर साहू, सरोज साहू, असरफ एराकी, कौशल्या सिंह, हिमांशु जैन, अजय सिंह, प्रदीप सोनी, प्यारेलाल साहू, भोला शंकर साहू, बजरंग राजवाड़े, देवमुनिया साहू, ज्योति देवांगन, अनीता गुप्ता, धनसाय सिंह, सत्यनारायण गुप्ता, भूपेंद्र राजवाड़े, जितेन्द्र शर्मा, संदीप जायसवाल, शेखर साहा, धरम सोनी, उगेन्द्र राजवाड़े सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### चार लोगों ने किया बीजेपी प्रवेश

**पोड़ीमोड़।** भारतीय जनता पार्टी मंडल प्रतापपुर शक्ति केन्द्र खोरमा में कार्यसमिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते ने कहा कि केंद्र और राज्य में भाजपा की सरकार है। नगर पंचायत में भी भारतीय जनता पार्टी के नगर पंचायत अध्यक्ष है ऐसे में किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं है। सभी कार्यकर्ता जिम्मेदारी के साथ काम करें और जन-जन तक शासन के कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने में मदद करें जिससे कोई भी व्यक्ति लाभ लेने से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासन काल में बनारस मार्ग में धूल का गुब्बारा उड़ता था। जगह-जगह गड्ढे थे। सड़क की स्थिति इतनी खराब थी कि लोगों का सफर करना काफी मुश्किल था। विधायक बनते ही सबसे पहले सड़क को ही बनवा दी। आज लोगों को सफर करने में मुश्किलों का सामना नहीं करना पड़ रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल के क्षेत्र में काम चल रहा है और कहीं कोई दिक्कत नहीं है। कार्यक्रम के दौरान चार लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान मंडल अध्यक्ष मुकेश तायल, अवधेश पांडेय, अक्षय तिवारी, श्रीमती मानती सिंह, शिवचरण नापित, शैनाथ देवांगन, विजेंद्र कश्यप, चंद्रदेव सिंह, अरविंद पटेल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 20 साल बाद लौटा वॉलीबॉल का जुनून : प्रतापपुर में रात्रिकालीन ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

- उद्घाटन मैच में प्रतापपुर ने आईटीआई को हराया



नगर के बस स्टैंड स्थित स्टेडियम ग्राउंड में दो दशक बाद आयोजित रात्रिकालीन ब्लॉक स्तरीय वॉलीबॉल लीग प्रतियोगिता का शुभारंभ बड़े ही उत्साह के साथ किया गया। लंबे समय बाद नगर में वॉलीबॉल प्रतियोगिता के आयोजन से खिलाड़ियों के साथ-साथ खेल प्रेमियों और दर्शकों में भी खासा उत्साह देखने को मिला।

अतिथियों ने वॉलीबॉल ग्राउंड का फीता काटकर प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथियों ने आयोजन समिति को सफल आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की खेल प्रतियोगिताएं युवाओं में खेल भावना, अनुशासन और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देते हैं। उद्घाटन मैच प्रतापपुर और आईटीआई टीम के बीच खेला गया, जिसमें शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रतापपुर की टीम ने जीत दर्ज कर प्रतियोगिता का विजयी आगाज किया। प्रतियोगिता को लेकर नगर में विशेष उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है।

लगभग दो दशक बाद प्रतापपुर में वॉलीबॉल प्रतियोगिता आयोजित होने से खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच मिला है, वहीं दर्शकों को भी रोमांचक मुकाबलों का आनंद लेने का अवसर प्राप्त हो रहा है। विशेष बात यह है कि पहली बार इस प्रतियोगिता का आयोजन रात्रिकालीन स्वरूप में किया गया है, जिससे खेल प्रेमियों की बड़ी संख्या मैदान पहुंच रहे है। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष, नगर पंचायत उपाध्यक्ष अजीत शरण सिंह, मुकेश तायल, खेल समिति अध्यक्ष दीनानाथ गुप्ता, मोहन पांडे, अनिल जायसवाल, अरविंद कश्यप, जितेंद्र कश्यप, नंदलाल तिवारी, डीआर तिग्गा, अंकुश वर्मा, योगेंद्र सिंह, राजेश गुप्ता, तरुण भौमिक, आनंद शुक्ला, किरण जायसवाल, अफजल सहित अन्य मौजूद रहे।

# ग्रामीणों ने भवन निर्माण में निर्धारित मानकों की अनदेखी का लगाया आरोप



**ओड़गी।** ब्लॉक मुख्यालय में लगभग 30 लाख रुपये की लागत से निर्मित हो रहे महतारी सदन भवन निर्माण में निर्धारित मानकों की अनदेखी का आरोप ग्रामीणों ने लगाया है।स्थानीय ग्रामीणों और दानी पाण्डेय ने आरोप लगाया है कि भवन निर्माण में निर्धारित मानकों की अनदेखी कर घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है, जिससे निर्माण की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों के अनुसार निर्माण कार्य में कमजोर ईंट, निम्न स्तर का सीमेंट तथा गुणवत्ता विहीन सरिया का इस्तेमाल किया जा रहा है। इसके अलावा भीषण गर्मी के बावजूद निर्माण स्थल पर आवश्यक पानी का छिड़काव नहीं किया जा रहा और ईंटों को भी पर्याप्त रूप से भिगोकर उपयोग नहीं किया जा रहा है। निर्माण विशेषज्ञों के अनुसार क्योरिंग और ईंटों को भिगोना भवन की मजबूती के लिए बेहद आवश्यक प्रक्रिया है। इसकी अनदेखी से भवन की आयु और मजबूती पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माण कार्य की नियमित तकनीकी निगरानी नहीं होने से ठेकेदार मनमाने तरीके से कार्य कर रहा है। ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि यदि समय रहते गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया गया तो लाखों रुपये की लागत से बन रहा यह भवन भविष्य में कमजोर साबित हो सकता है। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने कलेक्टर से निर्माण कार्य की निष्पक्ष जांच कराने, उपयोग की जा रही सामग्री की गुणवत्ता परीक्षण कराने तथा अनियमितता पाए जाने पर संबंधित ठेकेदार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

### जारी किया गया है नोटिस

निर्माण कार्य में सुधार के लिए ठेकेदार को तीन से चार बार नोटिस जारी किया जा चुका है, लेकिन इसके बावजूद कार्यशैली में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ है।

**-मानवेन्द्र सिंह**, एसडीओ

## घायल को अस्पताल पहुंचाने पर मिलेंगे 25 हजार रुपये

# राहवीर योजना से जुड़ने ग्रामीणों को किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज: नवागढ़



नवागढ़ विकासखंड के अंतर्गत आदर्श ग्राम गोधना में राहवीर योजना के संबंध में जन जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान नवागढ़ थाना की पुलिस टीम ने ग्रामीणों को सड़क दुर्घटनाओं में घायलों की मदद के लिए शासन द्वारा संचालित योजना की जानकारी दी।

कार्यक्रम में एएसआई रामकृष्ण आदित्य ने बताया कि यदि कोई व्यक्ति सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को समय पर अस्पताल पहुंचाकर उसकी जान बचाने में सहयोग करता है, तो उसे छत्तीसगढ़ शासन की ओर से 25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि दुर्घटना पीड़ितों की मदद करने वाले लोगों को पुलिस कार्रवाई या कानूनी प्रक्रिया से घबराने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि सड़क दुर्घटना की स्थिति में मानवता का परिचय देते हुए घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाने में सहयोग करें, जिससे उनकी जान बचाई जा सके। सहायता करने वाले व्यक्तियों को पुलिस विभाग की ओर से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया जाएगा। जन जागरूकता अभियान के दौरान बैनर के माध्यम से राहवीर योजना की जानकारी प्रदर्शित कर ग्रामीणों को जागरूक किया गया। ग्रामीणों ने भी योजना की जानकारी को उपयोगी बताते हुए दुर्घटना पीड़ितों की मदद के लिए आगे आने का संकल्प लिया।

**योजना का उद्देश्यः-** योजना का उद्देश्य गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को दुर्घटना के एक घंटे के भीतर अस्पताल पहुंचाना है, जिसे गोल्डन ऑवर कहा जाता है। इस दौरान घायलों को समय पर चिकित्सकीय सहायता मिल जाए तो उनकी जान बचाई जा सकती है। जो भी व्यक्ति तत्परता से घायलों को अस्पताल या ट्रॉमा सेंटर पहुंचाता है, उसे राह-वीर की उपाधि दी जाएगी और 25 हजार रुपए की नगद प्रोत्साहन राशि एवं प्रशस्ति-पत्र से सम्मानित किया जाएगा। इतना ही नहीं, पूरे राज्य से चयनित राह-वीरों में से 10 सबसे योग्य राह-वीरों को राष्ट्रीय स्तर पर एक-एक लाख रुपए का पुरस्कार भी प्रदान किया जाएगा।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

Caring for you TEJ Tej Diagnostic Group (A unit of MRMH Pvt. Ltd.)
तेज डायग्नोस्टिक सेंटर अंबिकापुर
24/7 OPEN ALL DAYS
बेहतर इलाज की शुरुआत सही डायग्नोसिस से
Tej Diagnostic में आपकी हर जाँच – एक ही जगह, भरोसे के साथ
एमआरआई (MRI) हाई-क्वालिटी इमेजिंग
सीटी स्कैन (CT Scan) तेज, सटीक, कम रेडिएशन
डिजिटल एक्स-रे क्लियर इमेज, तुरंत रिपोर्ट
सोनोग्राफी एक्सपर्ट द्वारा की गई अल्ट्रासाउंड जांच
पैथोलॉजी भरोसेमंद और सटीक ब्लड टेस्ट
MRI 1.5 TESLA HIGH RESOLUTION IMAGES
CT SCAN 32 SLICE FAST | ACCURATE RELIABLE DIAGNOSIS
ALL IMAGING & DIAGNOSTIC SERVICES UNDER ONE ROOF
24x7 इमरजेंसी सेवा उपलब्ध | अनुभवी डॉक्टर्स और तकनीशियन की टीम | जल्दी रिपोर्ट और सटीक डायग्नोसिस | आधुनिक टेक्नोलॉजी और सुरक्षित पर्यावरण
UNIT-1 बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अंबिकापुर (सरगुजा)
UNIT-2 रानी तालाब के सामने, अंबिकापुर (सरगुजा)
8224007799
7000619700